हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 15 मई 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

MOTION BHILAI

मोशन है, तो भरोसा है।

India 's Best IIT-JEE I NEET I Foundation Coaching Institute

Highest Selection Ratio (NEET)

Total Student Qualified in 2023
6492 / 7084 = 91.64%

Total Student Qualified in 2022
4837 / 5356 = 90.31%




28 Students under 1000 Ranks & 435 Students under 10000 Ranks in NEET 2023

Once Again At NEET
MAKE IT COUNT WITH US !
LEADER BATCH
STARTING FROM
1ST JUNE 2024

ADMISSION OPEN




ADMISSION ANNOUNCEMENT Session 2024-25
(Full-Time Classroom Program)

Target: JEE/NEET 2026
**Nurture Batch**
Class 10th to 11th Moving
Batch at initial stage

Target: JEE 2025
**Achiever Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : **1st June 2024**

Target: NEET 2025
**Leader Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : **1st June 2024**

Target: Olympiads & Board
**Foundation Batch**
Class 6th to 10th Moving Students
Batch at initial stage

MOTION

7970222201 / 7440200990
STUDY CENTER (BHILAI) : 152, NEW CIVIC CENTRE, BHILAI, CHHATTISGARH 490006
Follow us : facebook.com/motionbhilaiiitjee instagram.com/motionbhilai

## सफलता जरूर मिलेगी लेकिन.... शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक को मिलकर काम करना होगा। एक भी कड़ी कमजोर न रह जाए।



जब छात्र किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू करता है, तो सबका लक्ष्य परीक्षा उत्तीर्ण कर सीट सुनिश्चित करना होता है। लेकिन आमतौर पर बहुत कम विद्यार्थी अपना लक्ष्य हासिल कर पाते हैं। हमारा मानना है कि JEE हो या NEET या फिर कोई और प्रतियोगिता... सफलता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक रूट चार्ट का पालन करना बहुत जरुरी है। दरअसल, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सफलता के लिए सही स्ट्रेटेजी बहुत जरुरी है। इसमें अकेले शिक्षण संस्थान ही नहीं, विद्यार्थी और उनके अभिभावकों की भी बड़ी भूमिका होती है।

**कोचिंग संस्थान के नाते जिम्मेदारी:** एक कोचिंग संस्थान के नाते हम हमारी जिम्मेदारी मानते हैं कि–

1.समय पर कक्षाएं लगवाएं। 2.हर विषय के अनुभवी फैकल्टी से, समय पर पाठ्यक्रम पूरा करवाएं। 3.विद्यार्थी को अपडेटेड अध्ययन सामग्री और तकनीक समर्थन जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा टेस्ट–एनालिसिस और प्रदर्शन सुधार के जरूरी सुझाव देते रहें। 4.पढ़ाई में छात्र को कोई संदेह रह जाए तो उसे क्लियर करवाएं। 5.बच्चे को जब भी जरुरत हो, भिलाई में स्थानीय अभिभावक के रूप में समर्थन दें। ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाएं कि विद्यार्थी मोटीवेट रहकर लक्ष्य पर फोकस रहे और लगातार तैयारी करता रहे।

इसके लिए हमने पूरा सिस्टम बना रखा है और हजारों सहयोगियों की टीम कोटा से काम कर रही है। अगर कोई कड़ी कमजोर पड़ जाए तो हमें बताएं, समस्या का तत्काल समाधान करेंगे।

**विद्यार्थी की जिम्मेदारी** – सफलता के लिए छात्र के मन में जोश, जज़्बा, और आवश्यक स्पार्क नहीं है तो दुनिया की कोई ताकत कुछ नहीं कर सकती। इसलिए विद्यार्थी में रोजाना 12–14 घंटे मेहनत और संवेदनशीलता से पढ़ाई करने की इच्छा और लगन जरुरी है।

**शिक्षक की सुनें** –विद्यार्थी को यह मानकर चलना चाहिए कि वह जो भी पढ़ रहा है, उसके लिए पहली बार है लेकिन शिक्षक यह सब पहली बार नहीं पढ़ा रहे होते हैं। उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को वह विषय पढ़ाया होता है। उन्हें पता होता है कि विद्यार्थी की क्षमता क्या है और उसको कैसे पढ़ाना और सिखाना है। इसलिए सफलता के लिए जरुरी है कि वह अपने तरीके से पढ़ने की जगह अपने अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करें। मोशन से दी गई सभी सीट्स और शिक्षक सामग्री को जरूर से पूरा करें।

**लक्ष्य के प्रति फोकस रहें, बैकलॉग नहीं बनाने दें:** 1.ज्यादातर विषयों में टॉपिक्स और कॉन्सेप्ट्स एक दूसरे पर डिपेंड करते हैं। यदि आपने बीच में कोई क्लासेस मिस कर दी हैं, तो आगे के टॉपिक्स समझना मुश्किल हो जाता है। इसलिए जरुरी है कि छात्र–छात्राएं, क्लास में नियमित आएं। उपस्थिति 95% से अधिक होना जरुरी है। 2.टाइम मैनेजमेंट जरुरी है। टाइम टेबल बनाकर रोजाना कोचिंग सहित 12–14 घंटे पढ़ाई जरूर करें। 3.होमवर्क समय पर पूरा करें और किसी भी हालत में बैकलॉग नहीं बनाने दें। 4.आधे–अधूरे मन से किए गए काम में सफलता नहीं मिलती है। एग्जाम टाइम पर सिलेबस को फिनिश ना करना आधे–अधूरे इरादे के लक्षण हैं।

**अभिभावक न खुद तनाव लें और न ही बच्चों को दें** – माता–पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे को सही जगह कोचिंग के लिए भेजें। अपने सामर्थ्य के अनुसार बच्चे को मासिक व्यय भेजते रहें। उसको घर के समस्याओं और विवादों से दूर रखें। बच्चे से रोज या एल्टरनेट जरूर से बात करें और उसकी दिनचर्या पर नजर रखें। मोशन द्वारा एटेंडेंस और टेस्ट परफॉर्मेंस से संबंधित सभी संदेशों पर ध्यान दें। समय–समय पर भिलाई आएं और देखें कि बच्चा होस्टल में कैसे रह रहा है, पीटीएम में अवश्य से भाग लें। बच्चों को हर टेस्ट देने के लिए प्रेरित करें और उनकी गलतियों की पहचान कर दूर करने में मदद करें। याद रखें टेस्ट में सवालों का स्तर एग्जाम से भी टफ होता है। अगर टेस्ट में नंबर कम आते हैं तो यही कहें कि तुम अपनी ओर से सबसे अच्छा करो, जो परिणाम आएगा, उसे हम दिल से स्वीकारेंगे। यह आश्वासन उन्हें हौसला देगा।

जो छात्र नीट और जेईई एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, और उन्हें रिस्टार्ट लेना है, उन्हें बिल्कुल भी देर न करनी चाहिए। उन्हें संकल्पबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए, और मोशन के नीट और जेईई के लिए 1 जुन से नए बैच में अपनी कक्षाएं शुरू करनी चाहिए। और जो 10वीं के छात्र अभी तक रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे थे, वे और अधिक समय बर्बाद न करें, और मोशन के सर्वश्रेष्ठ काउंसलर से सलाह लेकर उचित निर्णय लें।

**सफलता का दरवाजा: मोशन भिलाई इंस्टीट्यूट में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत–** आपके विश्वास से मोशन को कोटा में जेईई, नीट और ओलम्पियाड की तैय्यारी के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान बना दिया है और अब मोशन कोटा का भरोसा भिलाई में साकार होता दिख रहा है। मोशन–भिलाई हमारे लिए किसी इंस्टिट्यूट या संस्था का नाम नहीं है, हमारे लिए यह मिशन है, जिम्मेदारी और संकल्प है। संकल्प शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव का, भावी पीढ़ी के करियर के सपनों को साकार करने का। हमारे लिए हर विद्यार्थी खास है, हम चाहते हैं कि विद्यार्थियों को अच्छे से अच्छा माहौल मिले और वे अपने मकसद में कामयाब हों। हमेशा उनका विशेष ख्याल रखते हैं, उनके सपनों से लेकर सफलता तक के सफर में साथ रखते हैं। उनकी हर समस्या हमारी समस्या होती है और हम उनके समाधान के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इन दिनों, मोशन भिलाई इंस्टिट्यूट में एडमिशन का सिलसिला चल रहा है। यह एक नए शुरुआत का समय है और नए सत्र, नए संकल्प, लक्ष्य और नई उम्मीदों के साथ आया है। मोशन भिलाई, सभी वर्ग के छात्रों के लिए कुछ विशेष लेकर आया है –

**फाउंडेशन कक्षा** – 8, 9, 10 के छात्रों के लिए कॉन्सेप्ट के साथ NCERT की बेसिक्स को स्ट्रांग करते हुए सभी प्रकार की ओलंपियाड की विशेष तैयारी। अभी भी जो छात्र एडमिशन नहीं लिए है उनके लिए अच्छा मौका है सीधे छात्रवृत्ति के आधार पर मोशन में एडमिशन पा सकते हैं जहाँ सप्ताह में 4 दिन क्लास होती है जिसमे फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी, एस. एस.टी., व मेंटल एबिलिटी, मोशन कोटा के विशेष फैकल्टी द्वारा पढ़ाया जाता है।

**कक्षा – 11** के छात्रों के लिए 2 साल का विशेष **नर्चर बैच** प्रोग्राम जिसमें स्कूल के कॉन्सेप्ट के साथ **'नीट, जेईई'** की कोटा के एक्सपर्ट द्वारा रोजाना 5 घंटे, क्लास ली जाती है जिनका टारगेट नीट/जे.ई.ई.–2026 है वो बिना देर किए मोशन में एडमिशन ले सकते है

**कक्षा – 12** के छात्रों के लिए **एन्थ्यूस बैच** में रोजाना 5 घंटे **NCERT एवं JEE/NEET** की विशेष तैयारी करायी जाती हैं। जिनका टारगेट स्कूल के साथ, नीट/जे.ई.ई.–2025 है वो काफी लेट हो चुके है फिर भी हमारे एक्सपर्ट से मिलकर जानकारी अवश्य लें।

**नीट व जे.ई.ई.**–ड्रॉपर्स के छात्रों के लिए, लीडर्स बैच 13 मई एवं 1 जून से शुरू होने जा रहे है जिसमें रोजाना 6 घंटे की क्लास 11वी, 12वी का सिलेबस एवं सभी प्रकार के टेस्ट सीरीज सम्मिलित है । हिंदी/अंग्रेजी माध्यम की क्लास अलग अलग लगाई जाती है।

और भी बहुत कुछ, सभी के लिए स्पेशल स्पॉट ऑफर के साथ सीट बुक करें, नहीं तो आप लेट हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, आप 152 – न्यू सिविक सेंटर,भिलाई हमारी ब्रांच में विजिट कर सकते है...।

**–नितिन पंड्या**
(डायरेक्टर, मोशन भिलाई)

## खबर संक्षेप



### जिला अस्पताल में मनाया गया नर्सिंग डे

दुर्ग। जिला अस्पताल में नर्सिंग डे मनाया गया। इस अवसर पर सेवा निवृत सिस्टर बावनकर, रीता मेंड्रिक, नलिनी पी मसीह, के वी कुमार, मृदुला, राधा देवांगन, सरस्वती ताम्रकार, एल खान एस कटने, कल्याणी शुक्ला, कृष्णा तिवारी, शैलजा सिंह, पुष्पा अग्रवाल, कमला देशमुख, सपना देवांगन, मोंगरा वर्मा, माधुरी परांजपे, तग्गा मानी, पिल्लई शिवकुमारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत केक काटा गया। सुबह 10 बजे इन सिस्टरद्वारा सेवा एवम रचनात्मक कार्य के अंतर्गत शरबत का वितरण किया। जिसमें सी बोरकर मंजू राय तुरकाने यशोदा, भारती माधुरी शायनी, आशा भट्ट, ममता शर्मा, शायनी चेरियन आदि थे। नर्सिंग ट्रेनीज की स्टुडेंट द्वारा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

### वरिष्ठों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

दुर्ग। विश्व रेड क्रॉस के थीम कीपिंग ह्यूमैनिटी अलाइव के अंतर्गत पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों का स्वास्थ विभाग के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ परीक्षण किया गया। जिसमें 20 लोगों ने स्वास्थ लाभ लिया। साथ ही इन्हें आम केला फल वितरण भी किया गया। इस सेवा अवसर पर जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ हेमंत साहू प्रबंधक दीपक चापरिया रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रबंध कार्यकारिणी एवं जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर एवं धीरज इंगले की उपस्थिति थी।

### वाणिज्य समूह का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

दुर्ग। आर्य शिक्षा समिति दुर्ग भिलाई द्वारा संचालित महर्षि दयानंद आर्य उ.मा.विद्यालय मठपारा का सत्र 2023-24 की कक्षी दसवीं का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत एवं कक्षा बारहवीं विज्ञान एवं वाणिज्य समूह का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में कु. उपासना निर्मलकर 92.8 प्रतिशत, युक्तिका सोनी 88 प्रतिशत, एकता यादव 84.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहें। 12वीं विज्ञान समूह में कु. मानसी सोनकर 84.2 प्रतिशत गौरव सिन्हा 74 प्रतिशत, कु. साक्षी सोनी 73 प्रतिशत तथा वाणिज्य समूह में कु. टिसा चन्द्राकर 78.2 कु. कल्पना सोनी 73.6 प्रतिशत, कु. प्रेमा ढीमर 73.6 प्रतिशत, कु. पायल साहू 70.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहें। आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल, उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोष शर्मा ने समस्त विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### राशन लेने दो दिन की और मोहलत

दुर्ग। जिलो के प्रस्ताव अनुसार माह अप्रैल की राशन सामग्री के वितरण की समयसीमा 15 मई तक बढाई गई है। जिसके अंतर्गत शेष वितरण कार्य कराने के निर्देश दिए गए है। वही दुकानों के मार्च 2023 के बचत स्टाक के सत्यापन उपरांत डेटा एंट्री का कार्य भी 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने कहा गया है। खाद्य नियंत्रक सीपी दीपाकर ने बताया कि, इसका पालन प्रतिवेदन आगामी 20 मई तक संचालनालय को उपलब्ध कराना है।

# स्ट्रांग रूम में कांग्रेस कर रही रतजगा, भाजपा नेता ले रहे जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भले ही जिला निर्वाचन आयोग द्वारा शंकराचार्य कालेज में बने स्ट्रांग रूम की चौक चौबंध व्यवस्था कराई गई हो, इसके बाद भी पार्टी के नेता यहां रतजगा कर रहे है। कांग्रेस सहित अन्य पार्टी के प्रतिनिधि यहां दिन और रात पहरेदारी कर रहे है। लेकिन भाजपा के नेताओं का कहना है कि, आयोग द्वारा पहले ही यहां बडी व्यवस्था की गई है। इसलिए यहां समय समम पर वे स्ट्रांग रूम का जायजा ले रहे है।

जिला भाजपा दुर्ग के उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्ये ने बताया कि, विधानसभा में स्ट्रसांग रूम के लिए टीम बनाई गई थी। लोकसभा में प्रशासन द्वारा कडी सुरक्षा लगाई गई है। उन्होने बताया कि, समय समय पर प्रत्याशी के प्रतिनिधि और कार्यकर्ता जायजा ले रहे है। लोकसभा चुनाव मतदान संपन्न होने के बाद श्री शन्कराचार्य कॉलेज स्ट्रॉंग रूम में मॉनिटरिंग के लिए शहर जिला कॉंग्रेस द्वारा निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें प्रत्याशी के दो प्रतिनिधियों द्वारा दो दल बनाया गया है।

एक दिन और दूसरा दल रात मे रतजगा कर पहरेदारी कर रहे है। जिसमे दुर्ग शहर जिला कॉंग्रेस कमेटी के महामंत्री आनंद कपूर ताम्रकार, महासचिव मोहित वालदे, संतोष सोनी, प्रीतम देशमुख, दिनेश बेलचंदन रुपेद्र देशमुख, धनेंद्र साहू स्ट्रॉंग रूम पर लगे सीसीटीव्ही फुटेज की लगातार निगरानी की जा रही है।

## बोरिया बिस्तर लेकर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में डटे कांग्रेसी, चार को मतगणना

### चार जून तक होगी पहरेदारी

जानकारी अनुसार स्ट्रांग रूम में दुर्ग संसदीय क्षेत्र के नौ विधानसभा सीटो में मतदान के बाद ईव्हीएम मशीन जमा कर दी गई है, साजा और नवागढ की ईव्हीएम मशीन बेमेतरा में जमा की गई है। यहां बनाए गए स्ट्रांग रूम में चार जून को मतगणना होगी। उल्लेखनीय है कि, लोकसभा के चुनाव 7 चरणों मे सम्पन्न होने है और तीसरे चरण के चुनाव सम्पन्न हो गया है। अन्तिम चरण 1 जून को सम्पन्न होगा। इस बीच कोई भी गड़बड़ी से बचने के लिए पार्टी के नेता नजर बनाए हुए है।



### कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सोमवार को स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होने विधानसभावार कक्षों का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने परिसर में लगे एलईडी टीवी स्क्रीन में प्रदर्शित दृष्यों का भी अवलोकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी ने परिसर के बाहरी व्यवस्था के संबंध में नोडल अधिकारी श्री ध्रुव को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विधानसभावार ए.आर.ओ. नियमित निरीक्षण करेंगे और वस्तु स्थिति से जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराएंगे।

## मनमानी : आंख मूंदकर मार्कफेड ने जारी कर दिया लाखों रूपए का धान

# सोसायटियों से पूरा धान उठा ले गए मिलर, चावल आधा जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कस्टम मिलिंग के अनुबंध के तहत जिला प्रशासन द्वारा मिलरों पर कार्यवाही के बजाय उन्हें खुली छूट दे दी गई है। प्रशासन के मार्कफेड विभाग द्वारा मिलिंग क्षमता से अधिक मिलरों को आंख मूंदकर धान का डीओ जारी कर दिया गया है। जबकि मिलरों ने लाखों रूपए के धान को बाजार में खपा दिया है। वही नागरिक आपूर्ति निगम और केन्द्र के एफसीआई में अनुबंध के मुकाबले सिर्फ आधा चावल जमा किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा समय पर चावल जमा नही किए जाने के चलते नाराजगी जाहिर की जा रही है। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है।

मिली जानकारी अनुसार एफसीआई के कस्टम मिलिंग के लिए जिले के मिलरों ने 6926820 क्विंटल धान का उठाव कर लिया है। मिलरों को इस धान के एवज में 47 लाख बीस हजार क्विंटल चावल जमा करना था। लेकिन मिलरों ने अब तक 24 लाख 75 हजार क्विंटल चावल जमा किया है। इस तरह एफसीआई में सिर्फ 51 फीसदी चावल जमा हुआ है।

इसी तरह राज्य के नागरिक आपूर्ति निगम के लिए मिलरों को मार्कफेड द्वारा 23 लाख 16750 क्विंटल धान जारी कर दिया गया है। इसके एवज में मिलरों को अब तक 9 लाख 47890 क्विंटल चावल जमा किया है। इस तरह एफसीआई और नान के अनुबंध के अनुसार सिर्फ 53 फीसदी चावल जमा हुआ है।

**खास बातें**

- केन्द्र और राज्य पुल में चावल जमा नहीं, मार्कफेड ने दे दिया धान
- कस्टम मिलिंग की अड़ में मिलर सरकारी धान की कर रहे हेराफेरी
- जिला प्रशासन समय पर नही करा पा रहा कस्टम मिलिंग का कार्य

**धान खरीदी निपटने के पांच माह बाद भी सिर्फ 53 फीसदी चावल जमा**



### आखिर कहां गया करोड़ों रूपए के धान

मार्कफेड के रिपोर्ट के अनुसार जिले में 58 लाख क्विंटल धान खरीदी के बाद शत प्रतिशत उठाव हो गया है। जिले से उठाव के बाद मिलरों ने अन्य जिले कवर्धा, राजनांदगांव, खैरागढ छुईखदान गंडई, मोहला मानपुर चौकी, बालोद, बेमेतरा, मुंगेली, जशपुर, कोरिया, बिलासपुर और बालौदाबाजार जैसे जिलो से भी धान का उठाव किया है। इस तरह दुर्ग जिले के 151 मिलरों ने 129 लाख क्विंटल धान की मिलिंग का अनुबंध किया गया है। जिसमें सिर्फ 53 फीसदी चावल मिल पाया है। सवाल उठता है कि, धान उठाव के बाद मिलर मिलिंग क्यो नही कर पाए है। मिलिंग कराने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होती है। लेकिन प्रशासन एक भी मिलों में भौतिक सत्यापन नही कर पाई है।

### केन्द्र के दबाव पर भी सख्ती नहीं

हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा लोगों को महंगाई से राहत देने के लिए भारत छाप चावल लांच की है। जिसमें लोगों को सिर्फ 29 रूपए किलो में चावल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए मिलरो से अनुबंध भी किया गया है। केन्द्र सरकार इस योजना का लेकर गंभीर है। लेकिन मिलर केन्द्रिय पुल में मांग के अनुसार चावल जमा नही कर पा रहे है। मार्कफेड भारत छाप चावल जमा नही करने वाले मिलरों को नोटिस भी जारी किया गया है। इस संबंध में डीएफओ भौमिक बघेल से संपर्क किया गया। लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया।

### अनुबंध से ज्यादा क्षमता फिर भी मनमानी

जिले के 151 अरवा व उसना राईस मिलों में हर माह 29 लाख 7960 क्विंटल धान की मिलिंग हो सकती है। खरीफ 2023 की बात करे तो दिसंबर माह में धान खरीदी समाप्त होने के बाद पांच माह बीत चुके है। इस तरह अगर मिलर पांच माह में क्षमता के अनुसार मिलिंग करते तो अब तक 145 लाख क्विंटल धान की मिलिंग हो सकती थी। जबकि मिलरों से इससे कम 129 लाख क्विंटल धान मिलिंग का अनुबंध किया गया है। पर्याप्त मिलरों में क्षमता के बाद भी सिर्फ 53 फीसदी चावल जमा करना जांच का विषय है। लेकिन जिला प्रशासन मिलरों में भौतिक सत्यापन नही कर पा रही है।

# सवा चार लाख लेकर रेत देने से मुकरा सप्लायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ग्राम नवागांव डुडेरा बालोद में कमल किशोर सिन्हा द्वारा रेत मंगाने के लिए सवा चार लाख रूपए एडवांस दिया गया। लेकिन लगातार तकाता करने के बाद भी संबंधित ने रेत की डिलिवरी नही की है। इस मामले की शिकायत पीडित ने आईजी दुर्ग में की है।

- पीड़ित ने आईजी से की लिखित शिकायत

आवेदक कमल किशोर सिन्हा ने बताया कि, कलीराम पारकर पिता जगन्नाथ पारकर व रेखलाल प्रजापति पिता हेमलाल प्रजापति द्वारा मुझे 8000 रूपय डम्पर रेत डालेगे कहा और हमारे पास दो रेत खदान होने की बात कही। एक नेवारी कला में व दूसरा चारामा में है। आवेदक को यहां निरिक्षण भी कराया गया। आवेदक को आठ हजार रूपए में रेत डिलिवरी करने की वादा भी किया। जिस पर भरोसा कर आवेदक राशि दी थी। लेकिन रेत नही मिलने पर आवेदक ने थाना प्रभारी गुंडरदेही में लिखित शिकायत की थी। यहां से कार्यवाही नही होने के बाद सोमवार को 32 बंगला भिलाई पुलिस महानिरिक्षक से की है। आवेदन ने लिखा है कि, कलीराम पारकर सहित एक अन्य ने डम्पर गाडी में रेत का 1 लाख 10 हजार नगदी सुरेन्द्र कुमार मंडावी के सामने कलीराम को दिया।

वही 3 लाख 20 हजार रूपय रेखलाल प्रजापति को फोन पे करवाया गया। इस तरह कुल 4 लाख 30 हजार रूपय कलीराम पारकर व उनके साहयोगी रेखलाल दोनो पार्टनर बताकर मुझसे यह राशि लिया ली गई। जिसमें एक हाईवा भुरकाभाट में डालके बाकि रेत डालने पर गुमराह कर रहा है। एवं पैसा वापस मांगने पर फोन नहीं उठा रहा है। कुल 120 हाईवा का आर्डर दिया गया है, जिसमें 54 गाडी का पेमेंट हो चुका है। आवेदन ने आईजी से कार्यवाही की मांग की है।

# नगपुरा में फिर फूटी पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ग्राम नगपुरा में एडीबी योजना के तहत सड़क चौडीकरण, नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। नाली निर्माण हेतु सड़क किनारे गढ्ढा खोदने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें नल-जल पाईप लाईन को बार-बार क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। जिससे पानी टंकी में पानी भरवा नहीं हो पा रहा है। जिससे गाँव में भारी पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पाईप लाईन बनाने के लिए बोलने पर उक्त समस्या का निदान नहीं किया जा रहा तथा ए.डी.बी. एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एक दूसरे के ऊपर उक्त कार्य को करने का हवाला दे रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से सोमवार को लिखित शिकायत की है।

# मतगणना कराने के लिए जिला निर्वाचन आयोग ने लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य के सुचारू संपादन हेतु अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी (मतगणना) तथा अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी पोस्टल बैलेट/इटीपीबी नियुक्त किये है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त संशोधित आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन के लिए अभियंता पीडब्लूडी (इ एण्ड एम) रमन लाल गायकवाड़ के स्थान पर क्रीडा अधिकारी शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्व. महाविद्यालय दुर्ग लक्ष्मेन्द्र कुमार कुलदीप अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा 66 वैशालीनगर के लिए कार्यपालन अभियंता अधीक्षण अभियंता कार्यालय शिवनाथ मंडल दुर्ग ए.के. हजारी के स्थान पर कार्यपालन अभियंता अधीक्षण अभियंता कार्यालय शिवनाथ मंडल हेमलाल कुरेतिया अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। रिजर्व के लिए कार्यपालन अभियंता नगर निगम भिलाई अखिलेश चन्द्राकर तथा सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी पुष्पा राजेन्द्रन अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार पोस्टल बैलेट, इटीपीबी मतगणना कार्य में रिजर्व हेतु उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग प्रतीक मसीह तथा सहायक अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संभाग दुर्ग पुष्पराज राठौर अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाये गये है। उक्त अधिकारियों को 16 मई 2024 को बीआईटी दुर्ग में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित करनें को कहा गया है।

- 16 मई को बीआईटी में प्रशिक्षण

# जयंती पर कालेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

दुर्ग। शासकीय डॉ० वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा विगत दिनों भारत के प्रथम नोबल पुरस्कार विजेता गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर जी के 164वीं जन्म जयंती पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने गुरूदेव टैगोर की नोबल पुरस्कार की प्राप्ति से लेकर शांति निकेतन की स्थापना तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने टैगोर के विभिन्न उपन्यास एवं कहानियों की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किये। श्रीमती ज्योति भरणे, सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने टैगोर साहित्य के अन्तर्गत उनके द्वारा अनुवादित पुस्तकों पर प्रकाश डाला। निबंध प्रतियोगिता में अंग्रेजी विभाग की सभी छात्राओं ने उत्साह से भागीदारी निभाई। प्रथम स्थान पर कु. हर्षा श्रीवास (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर), द्वितीय स्थान पर कु. अनामिका मिश्रा (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर) एवं तृतीय स्थान पर कु. मोनिका सिंघारे (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर) रहीं। निर्णायक डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं श्रीमती ज्योति भरणे ने सभी छात्राओं द्वारा रविन्द्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर लिखे गये निबंध की सराहना की। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष वंदना पंजारे के मार्गदर्शन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कु. मधु पाण्डेय एवं मानसी पटेल का विशेष सहयोग रहा।

# स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़, दो माह बाद भी पनीर की नहीं आई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा विगत 28 मार्च को पाटन के देमार गांव में स्थित एक पनीर प्रोसेसिंग यूनिट में छापामार कार्यवाही की थी। इस दौरान फैक्टी में नकली दूध और खोवा बनाने की आशंका जताई गई थी। छापामारी के बाद अफसरों ने यहां से सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजा था। अफसरों ने रिपोर्ट सप्ताहभर के अंदर आने की बात कही थी। लेकिन पूरे दो माह गुजरने के बाद भी रिपोर्ट का पता नही है।

- कार्यवाही के बाद अफसर भी मौन

उल्लेखनीय हैं कि, जिलेभर में नकली पनीर और दूध में मिलावट की शिकायते सामने आती रही है। औषधि प्रशासन विभाग को मिली शिकायत के आधार पर कार्यवाही की गई थी। इस दौरान फैक्ट्री में यूरिया, केमिकल और फूड आइल रखे जाने की के चलते कई सवाल खडे हुए थे। छापामार कार्यवाही में स्किन बर्न की चेतावनी वाला केमिकल मिला था। यह मानव शरीर के लिए हानिकारक है। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड पिछले लंबे समय से किया जा रहा था। टीम ने जांच के बाद तत्काल प्रोससिंग यूनिट को सील कर दिया था। वही सैंपल लेकर राज्य प्रयोगशाला कालीबाडी भेजा गया।



### सिर्फ सैंपल लेकर कार्यवाही की खानपूर्ति

औषधि प्रशासन द्वारा हर साल सिर्फ सैंपल लिया जाता है। लेकिन रिपोर्ट का लंबे समय तक पता नही रहता। दूध फैक्टी से मिले पनीर के नकली होने की आशंका जताई गई है। गंभीर मसला होने के बाद भी सैंपल लेने के बाद अब तक रिपोर्ट नही भेजा गया हैं।

# गर्मी की छुट्टी में बच्चे खेलेंगे नि:शुल्क वॉलीबाल और कबड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन मे खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से 15 मई 2024 से 4 जून 2024 तक 21 दिवसीय खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

जिसमे ग्रामीण व शहर से सबजूनियर, जूनियर वर्ग के बालक एवं बालिकाएं भाग ले सकते है। प्रशिक्षण के लिए विभाग के माध्यम से निःशुल्क खेल सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। शिविर प्रतिदिन प्रातः 5.30 बजे से 7.30 बजे तक विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों मे प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। मौसम को देखते हुये बच्चों की सुविधा अनुसार प्रशिक्षण का समय निर्धारित किया गया है। जिले मे विभिन्न खेल एवं मैदानों मे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा।

- ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कल से 4 जून तक

सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मिली जानकारी अनुसार हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई, हुडको मे बीएन सोनी तथा बजरंग पारा कोहका में परिवेश ठाकुर, पी.टी.आई. अनुराग तारम तथा पाहन्दा मे योगेश ठाकुर के द्वारा व्हालीबॉल का प्रशिक्षण दिया जायेगा। समृद्धि बाजार के पास दुर्ग में अंसारी अली तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरूद में अल्ताफ, पीटीआई के माध्यम से हॉकी का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### अचल संपत्ति क्रय करने सार्वजनिक सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री केशव मोटवानी पिता स्व. गोपालदास मोटवानी निवासी वार्ड नं 04 बेमेतरा तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग ) द्वारा प्रदत्त जानकारी एवं निर्देशो के आधार पर आम सूचना से आम जनता को दुष्यंत सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने श्री कुमार पिता स्व. ढ़लगनराम सोनी विक्रम पिता स्व. ढ़लगनराम सोनी सहोद्रा बेवा स्व. ढ़लगनराम सोनी, गोपाल पिता महेशराम जवाहर पिता महेशराम सोनी चंद्रशेखर पिता महेशराम सोनी गोपाल पिता महेशराम सोनी, टिकेश्वर पिता महेशराम सोनी, रमा पति महेशराम सोनी, युवराज पिता नंदकिशोर सोनी तुषार पिता नंदकिशोर सोनी संयोगिता बेवा नंदकिशोर सोनी निवासी बेमेतरा वार्ड न. 18 सोनी पारा तहसील एवं जिला बेमेतरा छ.ग. के सहस्वामित्व हक एवं कब्जे की ग्राम बेमेतरा प.ह.न. 27 रा.नि. म. बेमेतरा तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा छ.ग. स्थित पड़त कृषि भूमि ख.नं. 1166/3 रकबा 0.1260 हेक्टेयर / 13627 वर्गफीट हैं। मेरे पक्षकार ने उपरोक्त ख.नं. 1166/3 का टुकडा रकबा 0.0982 हेक्टयर पड़त कृषि भूमि खुला प्लाट को विक्रेता श्री दुष्यंत कुमार पिता स्व. ढ़लगनराम सोनी व अन्य 10 भूमि के सहस्वामीयों से क्रय करने का पक्का करार कर अग्रीम राशि क्रेता ने विक्रेता को प्रदान कर दिया हैं अब उक्त करार के अनुसरण मे पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना शेष हैं। अनूसूचि मे दर्शित पड़त कृषि भूमि के सम्बंध मे जिस किसी व्यक्ति या व्यक्तियों, बैंक, वित्तिय संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था अथवा निकाय का कोई हित, आपत्ति दावा हो सूचना प्रकाशन के दस (10) दिनो अंदर मय दस्तावेज मेरे अधोलिखित कार्यालय मे प्रस्तुत कर सकते हैं। विक्रय पत्र निष्पादन के वाद कोई दावा आपत्ति अवैध एवं अमान्य होगा।

अतः आमजन सूचित होवें।

अनुसूचीः- ग्राम बेमेतरा प.ह.नं. ( 27 ) रा.नि.म. बेमेतरा तह. बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) कृषि भूमि खसरा नंम्बर 1166/3 का टुकडा रकबा 0.0977 हेक्टयर क्रय शुदा भूमि की चतुरसीमा निम्नानुसार हैं :-

उत्तर मे - बेमेतरा सिमगा मार्ग दक्षिण मे - कुंदन छाबडा की भूमि पूर्व मे -सोनी जी का मकान एवं विक्रेता शेषभूमि पश्चिम में अन्य की भूमि

स्थान बेमेतरा
दिनांक 14.05.2024

भवदीय
बृजमोहन शर्मा
अधिवक्ता
बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा, तहसील व जिला - बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्र/ 809/प्र.1/तह./ 2024
रा.प्र.क्र. ......वर्ष 2023-24

विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक राहुल सलूजा पिता हरभजन सलूजा निवासी वार्ड नं. 08 पंजाबी पारा बेमेतरा जिला बेमेतरा द्वारा साहूकारी लायसेंस बनाये जाने हेतु इस न्यायालय के समक्ष आवेदन पत्र पेश किया है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध मे यदि किसी को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख 30/05/2024 तक इस न्यायालय मे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से ईश्तहार जारी।

मुहर

तहसीलदार
बेमेतरा
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी।
समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 15 मई 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 नवोदय विद्यालय के मेधावी छात्रों का कलेक्टर शर्मा ने ...




10 सोसायटियों से पूरा धान उठा ले गए मिलर, चावल ...



## खबर संक्षेप



### पंप खराब, वार्ड 6 व 7 के लोगों के घर नल से नहीं पहुंचेगा पानी

**बालोद।** शहर के काशीबन तालाब पार स्थित मोटर पंप खराब हो जाने के कारण शहर के वार्ड क्रमांक 6 और 7 के वार्डवासियों के घरों में लगे नल से पानी नहीं पहुंचा। आज बुधवार को सुबह भी नल से पानी नहीं आएगा। नगर पालिका प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही के कारण वार्डवासियों को पेयजल समस्या से जूझना पड़ा। सबसे बड़ी बात पालिका प्रशासन ने पेयजल के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की। वहीं, स्थानीय वार्ड पार्षद भी वार्डवासियों की इस पेयजल समस्या को दूर करने सामने नहीं आए। जानकारी के अनुसार कशीबन तालाब पार स्थित मोटर पंप खराब हो गया, लेकिन मोटर की खराबी को देखते हुए उसे मंगलवार की शाम तक बनाना संभव नहीं था, जिसके कारण कर्मचारियों ने उसे बिगड़े हालत में ही छोड़ दिया। हालांकि आज बुधवार को उसे बनाने की बात कही जा रही है। मोटर के खराब होने से वार्डवासियों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पाया। वहीं, पालिका प्रशासन द्वारा टैंकर के माध्यम से वार्डवासियों को पानी नहीं पहुंचाया गया, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वार्डवासी पानी के लिए भटकते नजर आए।

### सेजेस आमापारा बालोद में प्रवेश के लिए निकाली गई लॉटरी



**बालोद।** सेजेस आमापारा बालोद में स्कूल में प्रवेश को लकर पालकों में उत्साह बरकरार है। स्कूल में प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली गई। मिली जानकारी के अनुसार क्लास एलकेजी में 25 रिक्त सीट के लिए 88 आवेदन मिले, वहीं क्लास यूकेजी में 03 रिक्त सीट के लिए 57 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं, कक्षा 1 में 26 सीट हैं, उसके लिए 89 आवेदन मिले। इसी तरह क्लास 4 में 1 रिक्त सीट के लिए 20, क्लास 5 में 3 रिक्त सीट के लिए 28, क्लास 6 में 5 रिक्त सीट के लिए 34, क्लास 09 में 11 रिक्त सीट के लिए 23 आवेदन मिले। लॉटरी प्रक्रिया में पालकों ने खुद चिट उठाकर बच्चों का चयन किया। लॉटरी प्रक्रिया की अध्यक्षता एसडीएम बालोद, बीईओ बालोद, तहसीलदार बालोद, बीआरसी बालोद, प्रिसिपल सेजस बालोद उपस्थित थे। चयनित बच्चों को दस्तावेज जमा करने के लिए 10 दिवस का समय दिया गया है।

### डाक अदालत 20 को

**रायपुर।** अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर द्वारा 20 मई को डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रायपुर गंज उप डाकघर परिसर में स्थित कार्यालय में शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। इस डाक अदालत में डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर प्रत्यक्ष परिचर्चा करके उनका समाधान किया जाएगा। संभाग स्तर पर डाक अदालत का 21 मई को सुबह 11 बजे आयोजन किया जाना निश्चित किया गया है। डाक सेवाओं से संबधित समस्त शिकायतें जैसे डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएं, लघु बचत योजनाएं (आरडी, बचत बैंक, बचत पत्र इत्यादि) रजिस्ट्री, मनीआर्डर, वीपी पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, मनीआर्डर, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों का समाधान डाक अदालत में किया जाएगा।

### स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेमेतरा में प्रवेश के लिए होड़

# एलकेजी की 25 व पहली की 14 सीटों के लिए लॉटरी निकालकर किया गया बच्चों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- एलकेजी के लिए 437 और पहली कक्षा के लिए 211 आवेदन मिले
- एलकेजी के लिए 196 और पहली के लिए 187 पात्र पाए गए थे

जिले मुख्यालय में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में मंगलवार को एलकेजी और पहली कक्षा में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। एलकेजी के 25 और पहली कक्षा के 14 सीटों के लिए शांतिपूर्ण तरीके से एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ लॉटरी निकाली गई। छत्तीसगढ़ शासन लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार 10 अप्रैल 2024 से 10 मई 2024 तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। विद्यालय में उपलब्ध सीटों के विरुद्ध क्रमशः एलकेजी में 437 और पहली कक्षा में 211 ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। उनमें से एलकेजी में 196 पात्र और पहली कक्षा में 187 पात्र पाए गए थे। पात्र-अपात्रों की सूची विद्यालय सूचना पटल में 11 मार्च 2024 को चस्पा कर दी गई थी। प्राप्त आवेदनों के आधार पर लाटरी की तिथि तय कर समाचार पत्र में प्रकाशित कर सभी पालकों को सूचित किया गया था। शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं पालकों की मौजूदगी में लाटरी प्रक्रिया सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई गई।

### 20 मई से पहले पूर्ण करानी होगी प्रवेश प्रक्रिया

विद्यालय प्रमुख से मिली जानकारी के अनुसार चयन सूची में आए नामों के पालकगण 16 से 20 मई 2024 तक समय प्रात 9 से 12 के बीच विद्यालय आकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करानी होगी। प्रवेश प्रक्रिया उक्त तिथि तक पूर्ण नहीं करने पर प्रतीक्षा सूची से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के लिए आधार कार्ड, पिछली कक्षा अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, आय-जाति, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बीपीएल सर्वे सूची की फोटोकॉपी एवं दो पासपोर्ट साइज की फोटो सहित दस्तावेज की मूल प्रति एवं एक सेट फोटोकॉपी अवश्य लाने के निर्देश दिए हैं। विद्यालय प्राचार्या ने लाटरी में आए सभी लोगों का आभार प्रकट किया तथा चयनित बच्चों और उनके पालकों को बधाइयां दी और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सट्टा पट्टी लिखते दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



थान खम्हरिया पुलिस ने जुआ-सट्टा के दो अलग-अलग प्रकरण पर कारवाई करते हुए दो सट्टेबाजों से सट्टा-पट्टी सहित नगदी रकम 4 हजार 200 रूपये व मोबाईल जब्त किया है। मामले में आरोपी विजय शर्मा पिता सुरेश चंद शर्मा उम्र 50 साल वार्ड नं. 02 थाना खम्हरिया तथा विनोद कुमार सेवैया पिता रामचंद सेवैया उम्र 35 साल ग्राम मटिया थाना खम्हरिया के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना खम्हरिया स्टाफ को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि एक व्यक्ति वार्ड नं. 02 खम्हरिया में एवं एक व्यक्ति त्रिमूर्ति चौक खम्हरिया के पास में अवैध रूप से विभिन्न नम्बरों पर रूपये पैसों का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है। उक्त सूचना के आधार पर मौके पर पहुंच कर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान आरोपियों को रूपये पैसों का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखकर जुआ खेलाते पकड़ा गया।

दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत अपराध दर्ज किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, सउनि भगवान दास गंधर्व, आरक्षक तोरन डहरिया, बलदेव निषाद एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### कस्तूरबा विद्यालय बेमेतरा में प्रवेश प्रक्रिया आज से

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया आज 15 मई से प्रारंभ होगी। आवेदन पत्र देने की अंतिम तिथि 30 मई रखी गई है। संस्था प्रमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि आवासीय विद्यालय में शाला त्यागी, शाला अप्रवेशी, अनाथ, एकल अभिभावक, गरीब और अन्य कारणों से पढ़ाई से वंचित बालिकाओं को प्रवेश के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त व जमा किया जा सकता है।

# प्रशासन ने रूकवाया बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

### बेरला तहसील अंतर्गत एक ग्राम में बाल विवाह की सूचना पर पहुंची टीम



- दोनों परिवारों को बताए बाल विवाह के दुष्परिणाम, दी गई समझाइश

बाल विवाह मुक्त करने प्रशासन की संयुक्त टीम जिले में लगातार कार्रवाई कर रही है। विगत दिनों चाइल्ड हेल्पलाईन नं. 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग को विकासखण्ड बेमेतरा के बेरला तहसील स्थित एक गांव में एक बालक के बाल विवाह की जानकारी मिली थी। जानकारी के आधार पर बाल विवाह के रोकथाम की कार्यवाही की गई। उक्त ग्राम में एक परिवार के बालक का विवाह होने जा रहा था। बाल विवाह किये जाने की सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर परिवार में बाल विवाह रूकवाया गया। उक्त बालक का विवाह बेमेतरा जिले के ही एक परिवार से होने जा रहा था। सूचना के पश्चात टीम द्वारा बालक के परिजनों के समक्ष कार्यवाही किया गया। बालक के परिजनों द्वारा अभी विवाह स्थगित कर निर्धारित आयु पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने के लिए अपनी सहमति प्रदान की गई।

### बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की दी गई जानकारी

बालक के परिजनों ने बताया कि हमें यह मालूम नहीं था कि कानून के तहत 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है। इस पर संयुक्त टीम द्वारा उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि निर्धारित आयु पूर्ण होने के पूर्व विवाह करवाना अपराध है। बाल विवाह कराने वाले सभी सेवा प्रदाताओं पर भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। जो व्यक्ति ऐसा करता या कराता है या विवाह में राहयोग प्रदान करता है, तो उसे भी 02 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रूपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह के दुष्परिणामः बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह से बच्चों के अच्छे पोषण और हिंसा, उत्पीड़न व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में भी शिक्षा के अधिकारों का हनन होता है। बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पडता है।

### चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दे सकते हैं सूचना

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को बालक विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है। बाल विवाह की सूचना अनुविभागीय दण्डाधिकारी, पुलिस थाने में महिला एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारी/आँगनबाडी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार आदि को दी जा सकती है। इस कानून के अनुसार बाल विवाह के बंधन में आने वाले बालक/बालिका को अपना विवाह शून्य घोषित कराने का अधिकार है। बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 पर सूचित किया जा सकता है।

# मतगणना की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



- मतगणना पर्यवेक्षक, सहायकों व माइक्रो आब्जर्वरों का प्रशिक्षण कराने के दिए निर्देश

लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ में मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में ज़िला अधिकारियों की बैठक ली। ज़िला अधिकारियों की मतदान प्रक्रिया में भूमिका निर्विवाद होने पर हार्दिक बधाई दी। कलेक्टर श्री शर्मा ने बारी-बारी से अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों को कुशलतापूर्वक संपन्न कराने पर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आगामी 4 जून को लोकसभा निर्वाचन की होने वाली मतगणना के लिए मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायकों, माईक्रोआब्जर्वर का प्रशिक्षण कराएं। आप लोगों ने मतदान संबंधी महत्वपूर्ण कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ संपन्न किया है। मतगणना का कार्य भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने मतगणना कार्य सुचारू संपादन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल,अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी, गुड्डूललाल जगत, ज़िले के सभी एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि पूर्व मे चल रहे निर्माण कार्य को पूरा कराने में जुट जाएं। उन्होंने शिक्षा अधिकारी को शिक्षा सत्र-24-25 से जिले में और बेहतर शिक्षा गुणवत्ता करने पर जोर दिया, ताकि बच्चों का और बेहतर परीक्षा परिणाम आ सके। इसलिए अभी से कक्षा 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में पढ़ने वाले बच्चो पर ज्यादा ध्यान दिया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम व ज़िला कार्यालय प्रमुख अपने ज़िले में भ्रमण के दौरान स्कूलों में जा कर शिक्षा गुणवत्ता का भी अवलोकन करने की बात कही। उन्होंने ज़िले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र के मदिरा अहातों का भी निरीक्षण करें। साथ ही विभागीय गाइड लाइन अनुसार सुविधाओं को भी देखने कहा।

कलेक्टर ने सरकारी कार्यालयों के भू-आवंटन करने पर भी बल दिया। उन्होंने स्कूलों में न्यौता भोजन संबंधी जानकारी ली। उन्होंने ज़िले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र में शासकीय आवासों में अवैध रूप से निवास कर रहे लोगों पर सख़्त कार्रवाई कर पात्र कर्मचारी को आवास आवंटित करने की कार्रवाई करें।

### जिपं सीईओ ने पीएम आवास व एसबीएम के कार्यों का किया निरीक्षण



**बेमेतरा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल ने मंगलवार को जिले के विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम हाथाडांडू एवं जूनाडांडू में प्रधानमंत्री आवास के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इसमें निरीक्षण के दौरान अपूर्ण आवास को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये गए। साथ ही हितग्राहियों को भी अपने आवास के कार्यों को बरसात के पूर्व तेजी के साथ पूर्ण कराने कहा गया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं तकनीकी सहायक जनपद पंचायत नवागढ़ एवं जिला समन्वयक व सहायक अभियंता आवास जिला पंचायत उपस्थित रहे।

### गार्डन में पहुंचे बच्चे, पेड़-पौधों के संबंध में एकत्र की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- पीएम श्री स्कूल उघरा में लगा समर कैंप

पीएम श्री स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला उघरा संकुल-बैजलपुर संकुल में समर कैंप का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की पूजा के साथ समर कैम्प की शुरुआत की गई।

पहले दिन 20 बच्चे शामिल हुए। सर्वप्रथम बच्चों के साथ जय बोले जय हम बालगीत कराया गया। योजना अनुसार प्रथम दिन प्राकृतिक भ्रमण कराया गया। बच्चों ने गार्डन में घूमकर पेड़-पौधों के बारे में जानकारी एकत्र की। उसके बाद कक्षा में बैठकर पेड़-पौधों के बारे में रचनात्मक लेखन किया। बच्चों ने तरह-तरह के पेड़-पौधे के चित्र बनाकर उसके बारे में अपने अनुभव लिखे। इसके साथ ही बच्चों ने स्थानीय गीत-संगीत का आनंद लिया। समर कैम्प में बेमेतरा जिला के कमल कमल नारायण शर्मा, शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष बिरझु राम वर्मा, बैजलपुर संकुल के सीएसी चैतराम सेन, अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन से राघवेन्द्र, शाला के प्रधानपाठक धनेश्वरी एवं शाला के सभी शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे, महेश वर्मा, टुकेश्वरी तथा ग्रामीण संजय वर्मा, निर्भय वर्मा, राधेश्याम वर्मा, श्रवण गन्धर्व, विदेशी निषाद दिलेश्वर वर्मा उपस्थित रहे।

### 170 से 180 रूपए प्रतिकिलो बिक रही अरहर दाल

# बढ़ती महंगाई के कारण नहीं गल पा रही लोगों की दाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



### महंगाई से आम जनता परेशान

पिछले कुछ सालों से दाल के दामों में लगातार वृद्धि ही देखने को मिल रही है और जिस तरह से अरहर दाल के दाम लगातार बढ़ोतरी हो रही है उसने आम लोगों को मुश्किल में डाल दिया है। खासकर शाकाहारी लोगों की मुश्किलें तो और भी बढ़ गई हैं, क्योंकि अरहर दाल शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन हासिल करने का प्रमुख सोर्स है।

आमजनों के लिए हर उपभोग वाली चीजों की महंगाई इन दिनों लगातार बढ़ रही है। अब अरहर दाल की कीमत इन दिनों उछाल पर है। इसी तरह चावल में भी 5 रूपए प्रति किलो तक की बढ़ोतरी हुई है। कुछ दिन पहले 140 रुपए में बिकने वाली अरहर दाल इन दिनों थोक में 165 और चिल्लर में 170 से 180 रुपए तक पहुंच गई है। अचानक बढ़े इस दाम के कारण लोगों की दाल गलनी मुश्किल हो गई है । हालत यह है कि महीने भर में ही 140 रुपए किलो बिक रही अरहर की अब चिल्लर में पौने दो सौ तक पहुंचने से लोगों के पसीने छूटने लगे हैं ।

दरअसल जिले सहित प्रदेश के बाजार और दाल मिलें 80 फ़ीसदी विदेशी आयात पर निर्भर है।वहीं बारिश व दूसरी प्राकृतिक आपदाओं के कारण इस बार अरहर की फसल प्रभावित रही है। इसका असर अब लोकल बाजार पर पड़ा है। उल्लेखनीय है कि जिले में अरहर की खेती नहीं के बराबर होती है । पड़ोसी जिलों का भी लगभग यही हाल है। इसके कारण अरहर दाल के मामले में जिले सहित प्रदेश के अधिकतर बाजार बाहरी आयात पर निर्भर रहता है। व्यापारियों की मानें, तो 80 फ़ीसदी अरहर की आवक विदेशों से होती है। विदेशी अरहर को मंगाकर स्थानीय स्तर पर मिलिंग करते हैं। करीब 20 फीसदी दाल की पूर्ति स्थानीय व अन्य प्रदेशों के आवश्यक से हो पाती है। सामान्य स्थिति में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से दाल की आवक जिले में होती है, लेकिन आवक नहीं के बराबर होने से वहां भी संकट की स्थिति है। ऐसे में मांग के अनुरूप बाजार में अरहर दाल नहीं आ रही है। वहीं, बताया जा रहा है कि व्यापारियों के पास भी स्टॉक बेहद कम हो गया है।

### होटल रेस्टोरेंट में बढ़ेंगे दाल के दाम

जिस तरह से अरहर दाल की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है उसे देखने के बाद रेस्टोरेंट और होटल में भी दाल के दाम बढ़ सकते हैं। व्यापारियों का कहना है कि अगर अरहर दाल की कीमतों में लगाम नहीं लगी तो इसी तरह दाम बढ़ते रहेंगे। होटल और रेस्टोरेंट में भी दाल की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

### कीमत बढ़ने से 60 प्रतिशत तक अरहर दाल की बिक्री घटी

अरहर दाल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए लोग अब इसकी खरीदारी कम कर रहे हैं। लोकल व्यापारियों के मुताबिक करीब इन दोनों 60 से 70 फीसदी तक अरहर दाल की बिक्री घट गई है। लोग इसकी जगह चने की दाल और टमाटर तथा ताजी सब्जियों को विकल्प के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।चने की दाल 50 से 60 रुपए किलो मिल रही है।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### सेजस विद्यालय दुधली में 10वीं का 77 व 12वीं का 88 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**डौंडीलोहारा।** सेजस विद्यालय दुधली के सत्र 2023-24 का हाईस्कूल तथा हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित किया गया। हाईस्कूल से प्रथम कामिनी 90.66 प्रतिशत, द्वितीय तनु 90.33,तृतीय पूजा 90.16 प्रतिशत के साथ रही। इस प्रकार हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 77 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी कला में प्रथम पूजा पटेल 83.6 प्रतिशत, द्वितीय झरना पटेल 80.4 तथा तृतीय दिव्या 79 प्रतिशत रहे। वहीं, हायर सेकेंडरी विज्ञान में प्रथम रूपेश कुमार 86, द्वितीय पूर्वी 85.6, तृतीय पीयूष कुमार 85 रहे। हायर सेकेंडरी वाणिज्य में प्रथम त्रिशला जैन 93.6, द्वितीय सृजन दुबे 75.6, तृतीय देवयानी 75.2 रहे। हायर सेकेंड्री में तीनों संकाय मिलाकर परिणाम 88.35 रहा।

### बाल संस्कार शाला संचालन संबंधी नीतियों को लेकर की गई चर्चा

**गुण्डरदेही।** मंगलवार को गायत्री चेतना केंद्र व जमीन दानदाता ओमप्रकाश साहू के आवास में विश्व गायत्री परिवार के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई थी। ब्लॉक प्रमुखों के द्वारा मां गायत्री की पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में बताया गया कि शांति कुंज में सन् 1926 से प्रज्वलित अखंड ज्योति के प्रत्येक ग्रामों में भ्रमण संबंधी चर्चा गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ 23 से 26 मई 2024 तक संपन्न कराए जाने एवं नशा मुक्त भारत अभियान पर आवश्यक चर्चा प्रत्येक ग्रामों में बाल संस्कार शाला संचालन संबंधी नीति निर्धारण पर चर्चा की गई।

### 75 लाख की धोखाधड़ी के दो मामलों के आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर

**बालोद।** कोतवाली थाना अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में करीब 75 लाख रुपए की धोखाधड़ी के आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। पहला मामला बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई करने के नाम पर 9 लोगों से 30 लाख 97 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी से संबंधित है। इस मामले का आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। करीब तीन माह पूर्व मार्च महीने में धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन आरोपी को पकड़ने में अब तक उन्हें सफलता नहीं मिली है। इसी तरह कोतवाली थाने में ही अप्रैल माह में एक और मामला में दर्ज हुआ। समूह के नाम पर लोन देने वाले एक प्राइवेट कंपनी का अधिकारी उपभोक्ताओं द्वारा जमा किए गए करीब 44 लाख रुपए को कर्मचारियों और अन्य अधिकारियों से मिलीभगत कर धोखाधड़ी कर फरार हो गया। पुलिस दोनों ही मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है, लेकिन आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। ज्ञात हो कि जिले के अलग अलग गांवों में रहने वाले पीडित व्यक्तियों ने कोतवाली थाना में धोखाधड़ी करने वाले डौंडीलोहारा निवासी तेजनाथ देवांगन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**आयोजन :** जयस्तंभ चौक से हुई शोभायात्रा की शुरुआत, लोगों ने जगह-जगह उतारी आरती

# नगर में धूमधाम से मना भगवान परशुराम का जन्मोत्सव, विप्र समाज ने निकाली शोभायात्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का जन्म उत्सव बालोद शहर में धूमधाम से मनाया गया। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा अक्षय तृतीया पर स्थानीय गंगासागर स्थित भगवान परशुराम जी की प्रतिमा के समक्ष विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा–अर्चना कर अभिषेक के साथ हवन, आरती पश्चात शाम को शहर में भव्य शोभायात्र बाजे–गाजे के साथ निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विप्र जन पारंपरिक परिधान में दिखाई दिए। शोभायात्रा की शुरूआत परशुराम मंदिर से जयस्तंभ चौक, घड़ी चौक, पुराना बस स्टैंड, सदर रोड, हलधर चौक, मोखला माझी मंदिर, इंदिरा चौक जयस्तंभ चौक से होते हुए परशुराम मंदिर में शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा का जगह–जगह स्वागत भी किया गया।

शोभायात्रा में भगवान परशुराम पर आधारित झांकी आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही ब्राह्मण समाज के घरों में महिलाओं ने रंगोली बनाकर दीप जलाए और विप्र महिलाओं ने थाल में भगवान परशुराम की आरती भी की। बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज की महिलाओं की सहभागिता शोभायात्रा के नगर भ्रमण में भी रही। जिला मुख्यालय के परशुराम चौक स्थित चित्र पर पुष्प अर्पित कर भगवान परशुराम का आशीर्वाद लिया।

इस दौरान ब्राम्हण समाज के परशुराम जन्मोत्सव पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अटल दुबे, सचिव संतोष दुबे, प्रमोद दुबे, असीम दीवान, विनोद शर्मा, युवामोर्चा अध्यक्ष बिट्टू दुबे, हरीश दुबे देवेंद्र मिश्रा, आदित्य दुबे, हरीश दुबे, गौरव शुक्ला, वैभव शर्मा, विकास शर्मा, संजय शर्मा, धीरज उपाध्याय महिला मोर्चा अध्यक्ष दीप्ति शर्मा, श्वेता दुबे, रजनी शर्मा, दुर्गा जोशी, लता तिवारी, निति मिश्रा सहित बड़ी सख्या में ब्राह्मण समाज की महिलाएं, पुरुष व बच्चे बड़ी सख्या में शामिल रहे।

# नगर में श्री जैन भगवती दीक्षार्थी अभिनंदन समारोह पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**शोभायात्रा में जैन समाज सहित अन्य समाज के लोग बड़ी संख्या में हुए शामिल**

**अर्जुंदा।** नगर में श्री जैन भगवती दीक्षार्थी अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया था, जिसमें सुबह 9 बजे से पूरे नगर अर्जुंदा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई और पूरे अर्जुंदा नगर का भ्रमण किया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर पानी शरबत नाश्ते का स्टॉल लगाया गया था। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में जैन समाज के साथ अन्य समाज के लोग भी शामिल हुए।

शोभायात्रा के बाद सभी लोग जैन भवन पहुंचे, जहां भोजन के बाद मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जैन समाज के युवा साथियों ने अपने गुरु पर आधारित भक्ति मय संगीत प्रस्तुत किए। उसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शैली बाफना के दादा जी अमरचंद जैन ने शैली की जन्म से लेकर अब तक की सारी बातों को मंच के माध्यम से सब के बीच रखा। उन्होंने कहा कि यह हमारी फूल सी बच्ची जो आज वैराग्य धारण कर रही है। हमने कभी सोचा नहीं था कि हमारी सुकुमार बेटी कभी वैराग्य का कठिन मार्ग चुनेगी, जिसे



पूरा करना अत्यंत कठिन है। किंतु हमारा सौभाग्य है कि हमारे घर में ऐसी सौभाग्यशाली पुत्री का जन्म हुआ है। उन्होंने कहा कि 9 जून 2024 के पश्चात हमें जो मिलेगा वह बहुत ही अनोखा पल होगा, जिस दिन हमारी यह बेटी परम पूज्य आचार्य प्रवर श्री श्री 1008 श्री रामलाल जी म.सा. मुखारविंद और बहुश्रुत वचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्री राजेशमुनिजी एवं अनेक चारित्र आत्माओं के सानिध्य में सौरभजी संचेती, प्रणिताजी बाफना, शैलीजी बफना जैन भागवती दीक्षा शुभ मुहूर्त में बेगूं (राजस्थान) में ग्रहण करेंगे।

### दृढ़ है वैराग्य का संकल्प

शैली बाफना ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस तरीके से मैं पली-बढ़ी हूं, सभी लोग मेरे वैराग्य जीवन के निर्णय से आश्चर्यचकित हो गए थे। किंतु यह मेरा दृढ़ संकल्प है। मैं कहना चाहती हूं कि कभी आपने आंधी में बरगद के वृक्ष को उड़ते हुए नहीं देखा होगा, ठीक वैसे ही मेरा संकल्प है।



# नवोदय विद्यालय के मेधावी छात्रों का कलेक्टर शर्मा ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा में पहले से पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

सीबीएससी बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के परिणाम सोमवार को घोषित हो कर दिए गए हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय के जिला में सीबीएसई कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की परीक्षा में जिले में प्रथम से लेकर पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके माता-पिता, परिजनों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों की सफलता के लिए हार्दिक बधाई देते हुए विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने सभी विद्यार्थियों से मिलकर उनके भविष्य की पढ़ाई के बारे में पूछा और अधिक मेहनत कर सफलता हासिल करने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने को कहा। बता दें कि जवाहर नवोदय विद्यालय की 12 वीं कक्षा में विद्यालय में युगल किशोर देवांगन ने 95 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह योगेश कुमार सिन्हा 91 प्रतिशत द्वितीय, चेतन पटेल 89.80 प्रतिशत तृतीय, राजेश कुमार चेलक 88.60 प्रतिशत चतुर्थ एवं सूरज साहू 88 प्रतिशत प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया है । इसी क्रम में कक्षा 10 वीं में युवराज वर्मा व ओम आयुष साहू ने 92.40 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुणाल देवांगन एवं हुमेश साहू ने 90.40 प्रतिशत के साथ तृतीय एवं सुमित साहू ने 88.80 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान हासिल किया।

# कामता में धूमधाम से किया गुड्डे-गुड़ियों का विवाह

**डौंडीलोहारा।** ग्राम कामता में अक्षय तृतीया पर ग्राम की बालिकाओं ने एकजुट होकर गुड्डा-गुड्डी की विवाह रचाया। योजना को मूर्त रूप देने ग्राम के बड़े बुजुर्गों ने भी सहयोग किया। बालिकाओं ने चंदा इकट्ठा कर इस विवाह को भव्य रूप दिया। बालिकाएं सुबह से विवाह की रस्म पूरा करने में जुट गईं। तेलमाटी चूलमाटी कार्यक्रम गांव के सामाजिक वाद्य यंत्रों के साथ नाचते गाते हुए पूरा किया। विवाह मंडप में पहुंचकर गुड्डा-गुड्डी को तेल हल्दी चढ़ाया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी नाचते गाते विवाह के मंगल गीत गाए। शाम बच्चों के साथ गांव के बड़े बारात में शामिल हुए। उसके बाद गुड्डा-गुड्डी के पाणिग्रहण के बाद धरमटीका हुआ, जिसके बाद घराती बाराती सभी को भोजन कराया गया। धरमटीका में लोगों ने अपने-अपने हिसाब से उपहार भेंट किए। पूरे कार्यक्रम के दौरान नन्ही बालिकाओं के साथ गांव के बड़े-बुजुर्ग भी प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम में धारणी तारम, रिया मंडावी, वानकी तारम, कृतिका तारम, गरिमा सिन्हा, दिव्या साहू, कुसुमलता नेताम, कामिनी तारम, वासु मरकाम, मेघा नेताम, दीपिका तारम, टामेश्वरी तारम, लक्ष्मी तारम ओजल साहू, इंदू सिन्हा, आशु सिन्हा, डालीन सिन्हा, नेहा कुंजाम सहित बड़ी संख्या मे बच्चे व बड़े शामिल हुए। समधी की भूमिका लालजी मंडावी, मनराखन नेटी, लीलावर तारम ने निभाई।



# मदिरा प्रेमी सार्वजनिक जगहों पर खुलेआम छलका रहे जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ कार्रवाई नहीं करने से बढ़ रहे असामाजिक तत्वों के हौसले

शहर सहित अन्य नगरीय कस्बों में इन दिनों शराबी सावर्जनिक स्थलों पर खुलेआम मदिरापान करते दिखाई दे रहे है। इसके बावजूद जिम्मेदार प्रशासन कार्रवाई करने में रुचि नहीं ले रहा है। लिहाजा आलम यह है कि ज़लि के सभी नगरीय कस्बों पर संचालित शराब दुकानों के इर्द-गिर्द से लेकर सड़क किनारे खेतों व सरकारी भवनों के समीप एवं सार्वजनिक स्थलों पर दिनदहाड़े बोतल से शराब पीते मदिराप्रेमी नज़र आ रहे हैं। इससे क्षेत्र में इन दिनों आबकारी अधिनियम की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। वहीं कार्रवाई के अभाव में निष्क्रियता को लेकर प्रशासन की जमकर फजीहत भी हो रही है। ज्ञात हो कि प्रशासन द्वारा खुले तौर पर शराबखोरी करते पाए जाने पर सख्त दण्डात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। लेकिन कार्रवाई नहीं होने से शराबियों के हौसले इतने बुलन्द हैं कि वे कहीं भी बोतल खोलकर जाम छलकाने लगते हैं। इससे सड़क मार्ग पर यात्रियों व ग्रामीण लोगों जहां काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा बच्चे व महिला वर्ग को शराबखोरी करते मदिराप्रेमी के आसपास के गुजरना काफी शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ता है। इससे क्षेत्र का सामाजिक वातावरण बिगड़ने लगा है।



### खाली डिस्पोजल, बोतल से फैल रही गंदगी

उधर, मदिरापान करने वाले शराबी शराब पीने के बाद डिस्पोजल, खाली बोतल व अन्य प्लास्टिक सामानों को खुले फेंक रहे हैं, जिससे गंदगी फैल रही है। वहीं, खेतों के साथ ही पर्यावरण के लिए काफी नुकसानदेह साबित हो रहा है। किंतु प्रशासन की निष्क्रियता एवं कोताही बरतने के कारण ज़लि के ज्यादातर इलाकों में खुली जगहों पर शराब पीना आम बात हो गई है।

# सरस्वती शिशु मंदिर कलंगपुर में घोषित किया गया परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

सरस्वती शिशु मंदिर कलंगपुर के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जहां विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

कक्षा अष्टम में प्रियंक मंडावी ने 97.3 प्रतिशत लेकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह किशन 88.8 प्रतिशत लेकर द्वितीय, कामाख्या साहू ने 76.5 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान प्राप्त किया। कक्षा सप्तम में डालिनी 97.3, वेदिका ठाकुर 92.7 प्रतिशत, खुमेन्द्र 90 प्रतिशत, कक्षा षष्ठम में खुशबु सिन्हा 97 प्रतिशत, धनेन्द्र 91.7 प्रतिशत, पंचम कक्षा अभिषेक 95.5 प्रतिशत, तान्या देशमुख 88.5 प्रतिशत, कक्षा चतुर्थ में देवश्री सिन्हा 96 प्रतिशत, उर्वशी साहू 92



प्रतिशत, वाणी सिन्हा 90.5 प्रतिशत, कक्षा तृतीय में चांदनी 96.5 प्रतिशत, केशर 94 प्रतिशत, कुश पटेल 93 प्रतिशत, निकुंश 93 प्रतिशत, कक्षा द्वितीय में रुद्र कुमार साहू साक्षी साहू 97 प्रतिशत, दिव्यांशी पटेल व पूजा सिन्हा 95 प्रतिशत, कुश व मुकेश कुमार 91 प्रतिशत, कक्षा प्रथम में प्रियांश, सानिध्य, दिव्यांश, भुवनेश्वर, नमनदीप, पूजा सिन्हा, कक्षा उदय में कुमकुम सिन्हा, मुरांशी, अनुज्ञा, झरना साहू, जतीन, योगराज, इसी तरह कक्षा अरुण में टुकेश कुमार, तमन्ना एवं लक्ष्य कुमार ने अच्छे अंक लेकर विद्यालय परिवार एवं माता पिता को गौरवान्वित किया।

विद्यालय के सभी होनहार बच्चों को सशिमं की शिक्षण समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान दिलीप कुमार कुल्हारे, डोंगरमल जैन, तरुण साहू, सुफल साहू, टेकनारायण मंडावी, ओमप्रकाश साहू, निर्मल सहित विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदियां उपस्थित थे।

### शासकीय विद्यालय दर्रा का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा का परीक्षा परिणाम 91.53 प्रतिशत रहा। प्रथम पुनेश्वरी 93.6 प्रतिशत, द्वितीय ईशा सेन 92.6 प्रतिशत, तृतीय तरुण 88.16 प्रतिशत रहा। विद्यालय में कुल 59 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें प्रथम श्रेणी में 34 बच्चे, द्वितीय श्रेणी में 20 बच्चे उत्तीर्ण हुए, 2 बच्चे अनुत्तीर्ण एवं 3 बच्चे पूरक आए। हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 94.5 प्रतिशत रहा। प्रथम देवव्रत 92.6 प्रतिशत कला संकाय से, द्वितीय युवराज साहू 92.2 प्रतिशत, तृतीय कृष्णा यादव 88.8 प्रतिशत गणित संकाय, चतुर्थ भावेश 88.2 गणित संकाय, पंचम शिखारानी 86 प्रतिशत गणित संकाय ने प्राप्त किया।




